**खबर संक्षेप**

## आरोग्य केंद्र के सामने ठेलेवालों का कब्जा, महिलाओं में असुरक्षा और रोष



**मण्डला।** राजीव कॉलोनी झंडा चौक स्थित आरोग्य केंद्र के सामने सार्वजनिक भूमि पर ठेलेवालों का कब्जा महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा बनता जा रहा है। आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत महिलाओं ने इस संबंध में ग्राम पंचायत देवदरा की सरपंच को लिखित शिकायत भी सौंपी थी, परंतु एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।महिलाओं का कहना है कि आरोग्य केंद्र अधिकतर महिलाओं से जुड़ी योजनाओं का केंद्र है, जहाँ प्रतिदिन लाभार्थी महिलाएं पहुंचती हैं। परंतु आसपास अनाधिकृत दुकानदारों और बैठे लोगों के कारण अशोभनीय टिप्पणियां सुनने को मिलती हैं, जिससे असुरक्षा की भावना लगातार बढ़ रही है।स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय महिलाओं ने बताया कि अनाधिकृत कब्जे से न केवल मार्ग संकरा हो गया है, बल्कि केंद्र आने-जाने में भी उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। भीड़भाड़ और अनाधिकृत व्यक्तियों की उपस्थिति से माहौल असहज बना रहता है।महिलाओं ने प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग से अपेक्षा जताई है कि कब्जा हटाकर सार्वजनिक स्थान को मुक्त कराया जाए तथा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अब देखना है कि शासन-प्रशासन महिलाओं की शिकायत पर कब त्वरित कार्रवाई करता है, जिससे उन्हें राहत मिले और स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

### हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना सरकार का संकल्प-मंत्री श्रीमती संपतिया उइके

# जल निगम के नवीन कार्यालय का लोकार्पण

*** अब बेहतर सुविधायें मिलने की जगी उम्मीद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





महाराजपुर में गुरूवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके के मुख्य आतिथ्य में एमपी जल निगम के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक जल निगम श्री हेमंत कुमार जिंदवानी, ईईपीएचई श्री मनोज भास्कर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं विभागीय अमला मौजूद था।

मंत्री श्रीमती उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ की गई 'हर घर नल जल योजना' देश में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने बताया कि देश के 15 करोड़ से अधिक परिवारों तक अब स्वच्छ पेयजल पहुँचाया जा चुका है, वहीं मध्यप्रदेश में लगभग 75 लाख परिवार इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट का समाधान होगा, बल्कि महिलाओं और बच्चों को दूर से पानी लाने की असुविधा से भी राहत मिलेगी। स्वच्छ जल की सहज उपलब्धता से ग्रामीणों का जीवनस्तर ऊँचा होगा और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने मंडला जिले में संचालित प्रोजेक्ट हालोन, छीताखुदरी एवं नारायणगंज की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 तक पीएचई विभाग के काम पूरे कर लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पहले लोगों को जल निगम के कार्यालय की जानकारी नहीं होती थी, लेकिन अब महाराजपुर में निर्मित यह भव्य एवं आधुनिक कार्यालय भवन ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं के संचालन, निगरानी और सेवा वितरण को और सुदृढ़ बनाएगा। मंत्री श्रीमती उइके ने इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का भी उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों की जड़ें भू-जल स्तर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जल स्तर का गिरना बेहद चिंताजनक है, जिसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने भी कहा कि इस भवन के निर्माण से जल आपूर्ति व्यवस्था और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं गति आएगी, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से हर घर नल जल मुहैया कराया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों के प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## गुरु के जयकारों से गुंजायमान होकर निकल रही प्रभातफेरी



*** बड़ी संख्या में शामिल हो रहे सामाजिक जन, जगह-जगह हो रहा स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

आगामी श्री गुरुनानक जयंती के अवसर पर पूर्व आयोजन की श्रृंखला में सिंधी समाज के पुरुष महिलाओं, बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है जो कि प्रातः काल 5 बजे अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों एवं रहवासी क्षेत्रों में जाकर गुरु के जयकारों के साथ गुंजायमान हो रही है, सामाजिक जनों के द्वारा प्रभात फेरी का दिये जलाकर, आतिशबाजी और फूल माला के साथ स्वागत किया जा रहा रहा है, परिवारों ने स्वागत में घर के आंगन में रंगोली सजाई, घरों को लाइटिंग से सुसज्जित किया, प्रातः काल प्रभात फेरी में श्री गुरुनानक देव जी की प्रतिमा के साथ प्रभात फेरी अलग- अलग दिनों में निर्धारित मार्ग में जाकर भक्ति का संदेश दे रही है, इसमें शामिल संगत के द्वारा गुरु नानक देव जी की गुरबाणी एवं गुरु जयकारे लगाए जा रहे हैं, जगह-जगह प्रभात फेरी का स्वागत किया जा रहा है, स्वागत के साथ परिवारों के द्वारा आराध्य देव श्री गुरु नानक देव जी की पूजा अर्चना की जा रही है एवं भाई साहब हरनाम उदासी के द्वारा घरों में जाकर सुख शांति के लिए अरदास की जा रही है, प्रभात फेरी निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः श्री गुरुद्वारा साहिब में आरती, पूजा, अरदास एवं सभी परिवारों की सुख शांति की कामना के साथ संपन्न हो रही है, इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं एवं बच्चे शामिल हो रहे हैं, प्रभात फेरी के समापन पर रोजाना महाप्रसादी का वितरण किया जा रहा है।



# नेशनल हाईवे पर स्कूली छात्र एवं ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरई डोंगरी के पास नेशनल हाईवे में के किनारे मंगलगंज गांव के लोगों ने एवं स्कूल के छात्राओं ने सुबह 10:00 बजे चक्का जाम कर दिया जिसके कारण दोनों तरफ गाड़ियों की लाइन लग गई बताया गया है कि विगत कई दिनों से मंगलगंज में दुर्घटना हो रही है जिससे कई लोगों की जान जा चुकी है विगत दोनों एक युवती को गाड़ी वाले ने टक्कर मारने के कारण गंभीर चोट आ गई ग्रामीणों द्वारा विगत समय से मांग कर रहे हैं यहां पर ओवर फ्लोर ब्रिज एवं ब्रेकर लगवाने की मांग निरंतर की जा रही है परंतु शासन प्रशासन ध्यान न देने के कारण हमेशा यहां पर दुर्घटना होती है यहां पर वाहन तेज रफ्तार होने के कारण दुर्घटना होते रहते हैं स्थानीय निवासियों ने का कहना है कि प्रशासन नहीं दे रही ध्यान अनदेखी के कारण कई घरों के युवक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं मौके में पुलिस प्रशासन थाना टिकरिया के टीआई गोपाल घौसले एवं तहसीलदार संगम पटले द्वारा ग्रामीणों को छात्राओं को समझाया गया एवं उनकी मांग शीघ्र ही करने के लिए आश्वासन दिया गया इसके बाद 2 घंटे के लागे चका जाम को खुलवाया गया।

## बेमौसम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, किसानों की फसल बर्बाद नहीं हो पा रही कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



विगत एक सप्ताह से लगातार मौसम के बदलने से किसानों के साथ-साथ आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है कल सुबह से लगातार हो रही बारिश जिससे किसान चिंता ग्रस्त स्थिति में है धान की कटाई शुरू नहीं हो पा रही है, जिन किसानों की दीपावली के बाद से कटाई चालू कर दी थी उनकी धान की डाबिया खेत में ही पड़ी है और खराब हो गई , मौशम इस तरह बदला है कि किसान घर पर शांत होकर पानी के बंद होने का इंतजार कर रहा है अगर इसी तरह मौसम बना रहा तो खेत में पानी भर जाएगा और माहों कटाई होना मुश्किल है, अभी स्थिति यह है कि पकी पकाई धान की फसल खेत अत्यधिक पानी के कारण गिर गई है, हार्वेस्टर मशीनें जो धान की कटाई के लिए आए थे वे भी खड़े कर दिए गए हैं, इन हालातों में जब धान की कटाई करना मुश्किल है वहीं आने वाली खरीफ गेहूं चना मसूर दलहन की फसलें लेना किसान के लिए मुश्किल हो जाएगा, मौसम को देख कर ऐसा लगता है कि ये मौसम अभी बदलेगा कि नहीं, लगभग 20-25 एकड़ में खेती करने वाले किसान सुनील उइके ने बताया उसके खेतों की धान गिर गई है खेत में पानी भर गया है मशीनें धान काटने आईं थी उन्हें आठ दिनों से रोक कर रखा है मगर वे भी अब जाने को बोल रहे हैं, किसान संघ अध्यक्ष जमना यादव ने बताया कि ऐसे हालत पहले कभी नहीं बने जब फसल पक कर तैयार हो ओर पानी बारिश से कटाई करना मुश्किल हो गया है ऐसे में सरकार को किसानों के प्रति सोचना चाहिए ओर किसानों को राहत देते हुए किसानी कर्ज माफ करना चाहिए।

**आयोजन** | **खली ने दी युवाओं को नशे से दूर रहने की दी सलाह।**

# द ग्रेट खली से मिलने उमड़ा जनसैलाब

*** युवा शक्ति संगम कार्यक्रम में पहुंचे खली।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला






29 अक्टूबर को द ग्रेट खली का नगर आगमन हुआ उनके आगमन को लेकर सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार अजेय मंडला और सहयोगी संस्था श्री श्याम मंदिर अग्रसेन ट्रस्ट सिलगी बम्हनी बंजर काफी समय से तैयारी कर रही थी। कार्यक्रम स्थल में 29 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित पीड़ितों के लिए निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां पर रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं युवा शक्ति संगम कार्यक्रम के अंतर्गत महापुरुषों की जीवनी पर प्रदर्शनी स्थल पर लगाई गई और युवाओं को महापुरुषों के बारे में अवगत कराया गया। फूलसागर से बीएसवीपी कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए वाहन रैली निकाली जो कटरा बायपास से रानी दुर्गावती महाविद्यालय पहुंची जहां पर रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। यहां पर महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने भी श्री खली का स्वागत किया। यहां पर मीडिया से चर्चा करते हुए द ग्रेट खली ने नशा राजनीति और युवाओं के भविष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बेबाक राय रखी। देश के युवाओं में बढ़ते नशे के चलन पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस भयंकर बुराई से दूर रखने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। खली ने सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि छोटे जिमखाने और ग्राउंड विकसित किए जाएं। इसके साथ स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक कॉम्पिटिशन आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन कदमों से युवा खेलकूद की ओर आकर्षित होंगे और स्वाभाविक रूप से नशे से दूर रहेंगे। राजनीति और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बोलते हुए द ग्रेट खली ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा को देश को आगे बढ़ाने का विकल्प बताया। उन्होंने दावा किया कि पिछले 15 सालों में भारतीय राजनीति में होने वाली गंदगी यानी घोटालों में काफी कमी आई है। इसके साथ ही बिहार चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए खली ने कहा कि लोगों को उसी उम्मीदवार को वोट देना चाहिए जिसने उनके इलाके का विकास किया हो न कि जाति या धर्म के आधार पर। खली ने भारतीय बच्चों के वल्र्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट में भविष्य को उज्ज्वल बताया। हालांकि उन्होंने साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि इस दिशा में सफल होने के लिए स्थानीय स्तर पर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की सख्त ज़रूरत है ताकि नई प्रतिभाओं को सही मंच मिल सके। मंच में द ग्रेट खली का मंडला की जनजातीय परंपरा अनुसार सम्मान और स्वागत किया गया साथ ही उन्हें यहां की संस्कृति से परिचित कराया गया और उन्हें वीरन माला पहनाते हुए पारम्परिक आदिवासी पगड़ी पहनाई गई और जिले की सांस्कृति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में द ग्रेट खली का स्वागत नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने किया। उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। वहीं सीआपीएफ 148 बटालियन एवं पुलिस विभाग व यातायात विभाग ने भी स्वागत किया है।

## ताले में बंद स्वच्छता अभियान, पंचायत प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज




जनपद पंचायत नारायणगंज की ग्राम पंचायत पंडरिया में जमकर लापरवाही देखी जा रही है। यहां लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया सामुदायिक स्वच्छता परिसर में पंचायत ने ताला लगा दिया है। जानकारी के अनुसार लाखों की लागत से बनाए गए शौचलय परिसर में ताला लगा दिया गया है। ग्रामीणों को मजबूर बाहर शौच के लिए जाना पड़ता है।

### सामुदायिक सुविधाघर कागजों पर ही हो रहा संचालित

रखरखाव व देखरेख के लिए सालों से शासकीय राशि का गमन किया जा रहा है , बनने के बाद शौचालयों में ताले लटक रहे हैं। इसकी वजह से लोगों को अब भी खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। सामुदायिक सुविधाघर औचित्यविहीन साबित हो रहा है। स्वच्छता परिसर भवन बनकर सालों से तैयार है , लेकिन इसके बावजूद अभी तक इसका ताला नहीं खुल सका। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले वित्तीय वर्ष में लाखों रुपए की लागत से ग्राम पंचायतों में ग्राम निधि के खाते से सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए धन मुक्त किया गया था। पिछले दिनों विभाग द्वारा शौचालय बनकर तैयार हुए सामुदायिक स्वच्छता परिसर सुविधाघरों की ना साफ सफाई की जाती है ना ही देखरेख।

### नजदीक में है मंदिर ग्राम के लोग आते हैं टहलने

स्वच्छता परिसर भवन जहां पर बना हुआ है उसके नजदीक ही सिद्ध हनुमान जी का मंदिर है जहां पर लोग-बाग शाम एवं सुबह के समय टहलने एवं दर्शन करने आते हैं लोगों का आना-जाना इस जगह पर लगा ही रहता है, इसके बावजूद भी पंचायत प्रशासन ने स्वच्छता परिसर भवन पर ताला जड़ रखा है जो की पंचायत प्रशासन की कार्य प्रणाली पर एक गहरा सवाल खड़ा करता है।

### पंचायत प्रशासन की उदासीनता से ग्रामीण परेशान

पंडरिया पंचायत जनपद पंचायत मुख्यालय की मुख्य पंचायत होने के बावजूद स्वच्छता अभियान में हमेशा से पीछे रही है, चाहे वह गांव की साफ सफाई का मामला हो या फिर कचरा घरों की व्यवस्था का मामला परंतु पंचायत प्रशासन आज भी अपने कार्य की वाहवाही करने के लिए कागजों का सहारा लेती रहती है परंतु हकीकत कुछ और ही है।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा विक्रय एवं परिवहन पर रहेगी विशेष सतर्कता

**शहपुरा।** आगामी शहपुरा मेले के दौरान अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण पर नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग ने कमर कस ली है। जिला आबकारी अधिकारी ने इस संबंध में विशेष निर्देश जारी करते हुए टीम का गठन किया है, जो 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक शहपुरा क्षेत्र में सक्रिय रहेगी। मेला क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री एवं दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए विभाग ने विशेष निगरानी एवं कोरबंदोली से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। मेले की अवधि में सतत निरीक्षण और कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर दी गई है।ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सम्हर सिंह धुर्वे, प्रहलाद सिंह चौहान, छिद्दीलाल झारिया, रामभरोस ठाकुर, गेंदलाल बरकड़े, करिश्मा सलामे, मनीष उइके, तोक सिंह मरावी एवं कोताबाई शामिल हैं।आबकारी विभाग ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अवैध मदिरा निर्माण, संग्रहण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए संयुक्त विशेष अभियान चलाया जाए तथा की गई कार्रवाई की प्रतिदिन रिपोर्ट सुबह 11 बजे कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।

### बाल विवाह : रमसा हॉस्टल में बच्चों को किया गया जागरूक



**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग डिंडौरी के मार्गदर्शन में "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत रमसा हॉस्टल में बाल विवाह के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी बच्चों को दी गई तथा बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलाई गई।अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि यदि किसी को बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो वह तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल कर सूचना दे सकता है।जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने बच्चों को बालिका शिक्षा, आत्मनिर्भरता और किशोरावस्था में स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया रैली, संवाद सत्र एवं नारा लेखन जैसी गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक और प्रभावी बनाया गया कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया ने कहा कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएँ, ताकि डिंडौरी जिला बाल विवाह मुक्त जिला बनने के लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

### सर्वोच्च अंक लाने पर छात्र विवेक झारिया को शासन ने दी स्कूटी



**शहपुरा ।** शहपुरा क्षेत्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर में कक्षा 12वीं कॉमर्स के छात्र विवेक कुमार झारिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शासन द्वारा उन्हें स्कूटी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एम.पी. झारिया सहित एस.के. श्रीवास्तव, एस.के. विश्वकर्मा, पी.एस. मरावी, हरि सिंह परस्ते, पुष्प कुमार मार्को, माखनलाल झारिया, सचिन अग्रवाल, जगत लाल झारिया, सुरेश कुमार झारिया, संजीत उसराठे, रामकुमार झारिया, वैभव कुमार दसमेर, अभिषेक कुमार पटेल, किरण पांडे, प्रियंका बड़गैया, रितिक गुप्ता, गोविंद सिंह उइके, अमित कुमार रजक, आजाद खान, विनोद कुमार झारिया, देवेंद्र कुमार झारिया, कंछेदी मरकाम, कुम्हार लाल यादव एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने छात्र विवेक झारिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश



**डिंडौरी ।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# शहपुरा में दिव्यांगजन और वरिष्ठजन परीक्षण शिविर का सफल आयोजन, 129 हितग्राही हुए लाभान्वित

डिंडौरी।

सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय पहल करते हुए जिला प्रशासन डिंडौरी द्वारा शहपुरा में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन परीक्षण और चिन्हांकन शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एएलआईएम्को) जबलपुर के सहयोग से जनपद पंचायत शहपुरा एवं नगर परिषद शहपुरा परिसर में आयोजित किया गया।शिविर में कुल 130 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 27 हितग्राहियों को एएलआईएम्को उपकरण हेतु चिन्हांकित किया गया, 54 को मेडिकल प्रमाणपत्र जारी किए गए, 29 लाभार्थियों को दिव्यांग स्पॉन्सरशिप योजना के तहत सहायता दी गई तथा 19 हितग्राहियों को यूनिवर्सल आईडी (UDID) प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कुल 129 हितग्राही इस शिविर से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए।





कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शिविर स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा सभी का परीक्षण और पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।शिविर में दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क आवागमन और भोजन की व्यवस्था की गई। वहीं वालंटियर टीम ने शिविर स्थल पर उपस्थित दिव्यांगजनों की सहायता की।कलेक्टर ने शिविर में कार्यरत डॉक्टरों, विभागीय अधिकारियों और एएलआईएम्को की टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर परिषद शहपुरा और जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम सिद्ध हो रही है।

## कलेक्टर ने बरगांव में 9 नवंबर को होने वाले विशाल स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजन शिविर की तैयारी की समीक्षा की





डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड शहपुरा के जनजाति कल्याण महाकौशल केन्द्र बरगांव में आगामी 9 नवंबर को आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजन शिविर की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विद्युत व्यवस्था, टेंट, मैदान, साफ-सफाई, आवास, पेयजल, भोजन, आवागमन, परिवहन सहित समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंपी और समय-सीमा में तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शिविर में आने वाले ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए कृषि, आयुष, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, जनजातीय कार्य, ग्रामीण आजीविका मिशन, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद, जनसंपर्क, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर परिषद शहपुरा, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी विभाग तथा स्व-सहायता समूहों को शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी एवं बैनर-फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण के दौरान आयुष, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय विभाग के पंजीयन स्थल एवं स्टॉल लगाने के स्थानों का भी चयन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा एक्स-रे, सोनोग्राफी मशीनें स्थापित की जाएं, ताकि ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोगों का मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाइयां वितरित की जा सकें।

स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मोहित धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग राकेश बघेल, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डिंडौरी पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की बड़ी खेप, चार आरोपी गिरफ्तार

डिंडौरी।




थाना कोतवाली डिंडौरी पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और एक बिना नंबर की हुंडई वेन्यू कार जब्त की है। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत लगभग बारह लाख रुपये आंकी गई है।29 और 30 अक्टूबर की दरम्यानी रात को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एमपीटी डिंडौरी के सामने से बड़ा सुबखार की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर एक बिना नंबर की काले रंग की हुंडई वेन्यू कार में अवैध शराब लेकर घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोका और उसमें सवार चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल साहू पिता राजेन्द्र साहू (32 वर्ष, निवासी शाहपुर), चन्द्रप्रकाश ठाकुर पिता तोडर सिंह ठाकुर (20 वर्ष, निवासी ग्राम बालपुर रैयत थाना शाहपुर), रामनाथ बंजारा पिता स्वर्गीय पुष्प सिंह बंजारा (29 वर्ष, निवासी ग्राम बालपुर रैयत थाना शाहपुर) और लोक सिंह परस्ते पिता स्वर्गीय बिहारी लाल परस्ते (28 वर्ष, निवासी ग्राम बालपुर रैयत थाना शाहपुर जिला डिंडौरी) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 366 पाव (करीब 66 लीटर) अंग्रेजी शराब, एक बिना नंबर की हुंडई वेन्यू कार, तीन मोबाइल फोन, नगद राशि तथा अन्य सामग्री जब्त की है। जब्त शराब और वाहन की कीमत क्रमशः लगभग 54 हजार और 11 लाख रुपये बताई गई है।थाना कोतवाली डिंडौरी में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध क्रमांक 633/2025 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप झारिया और राजाराम आर्मो, प्रधान आरक्षक हनुमान सिंह, आदित्य शुक्ला, देवेन्द्र पटले, जितेन्द्र ठाकुर तथा आरक्षक हेमंत झारिया, सतेन्द्र डहेरिया, अवनीश यादव, श्याम तिवारी और नरेश उइके शामिल रहे।



### भाजपा मंडल अमरपुर की कामकाजी बैठक सम्पन

## युवा सम्मेलन को लेकर हुई चर्चा

अमरपुर।

भाजपा मंडल कार्यालय अमरपुर में आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में भाजपा संगठन के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करते हुए मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने कहा कि अभी आत्म निर्भर भारत विकसित भारत एवं स्वदेशी अभियान भाजपा के द्वारा संचालित किया जा रहा हैं। जिसमें हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने ग्रामों में चौपाल लगा कर स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता हैं। जिससे भारत आत्म निर्भर हो सके और जब भारत आत्म निर्भर होगा तो ही विकसित होगा इस अभियान में हम सबको बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत हैं। जिसमें समाज का प्रत्येक वर्ग का शामिल होना अतिआवश्यक हैं। इसी तारतम्य में आगामी समय में मंडल अमरपुर में युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाना हैं। युवा सम्मलेन को लेकर भी उपस्थित कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें तय किया कि अमरपुर मण्डल के प्रत्येक गांव से कम से कम तीस तीस युवाओं को सम्मेलन में लाने का लक्ष्य रखा गया हैं। आयोजित सम्मेलन में आने वाले युवाओं की उम्र की सीमा भी तय की गई हैं। जिसमें 18 से तीस वर्ष के युवाओं ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाने पर जोर दिया गया। इसके बाद आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान को प्रोत्साहित करने संगठन द्वारा दी गई सामग्री का वितरण किया गया। आयोजित बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता तीरथ मूलचंदानी, माखन साहू महामंत्री रामकुमार वनबासी, जगदीश ठाकुर, मंगल ठाकुर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिर्फ़ सुनें नहीं, वेरिफ़ाई करें, एआई वॉयस स्कैम से सावधान रहें: डिंडोरी पुलिस की अपील

डिंडोरी।



राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय डिंडोरी द्वारा "AI Voice Scam – जिस आवाज़ पर आप भरोसा करते हैं, वह झूठ हो सकती है। सिर्फ़ सुनें नहीं, वेरिफ़ाई करें। कोई एक्शन लेने से पहले, सही कॉल करें।" विषय पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस विशेष पहल का उद्देश्य नागरिकों को एआई तकनीक के माध्यम से हो रहे वॉयस स्कैम और अन्य सायबर अपराधों से सतर्क करना था। जनजागरूकता कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों बस स्टेण्ड गाडासरई, ग्राम परापानी, कस्बा अमरपुर, कल्याणी तिराहा, ग्राम रूसा, शासकीय हाई स्कूल बरगांव तथा कस्बा बजाग बाजार में आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और ग्रामीणों को बताया गया कि ठग अब एआई तकनीक का उपयोग कर परिचितों या परिजनों की आवाज़ की नकल कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी कॉल या संदेश पर तुरंत भरोसा करने के बजाय पहले उसकी पुष्टि करना बेहद आवश्यक है। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को सायबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दीं अनजान नंबरों से आए कॉल या लिंक पर क्लिक न करें, बैंक विवरण, ओटीपी या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सीमित रखें, किसी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन ठगी की घटना की तुरंत रिपोर्ट सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट [www.cybercrime.gov.in] (http://www. cyber-crime.gov.in) पर करें। एआई से तैयार आवाज़ या वीडियो पर तुरंत भरोसा न करें, पहले दूसरे माध्यम से पुष्टि करें। मजबूत पासवर्ड बनाएं और समय-समय पर बदलते रहें।कार्यक्रम के अंत में पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं सायबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और अपने परिवार व समाज में भी इस जागरूकता को फैलाएं, ताकि सभी डिजिटल रूप से सुरक्षित रह सकें।

## अजगर पंचायत में 5 लाख की सीसी सड़क ग़ायब! ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

डिंडोरी।



जिले की ग्राम पंचायत अजगर में भारी वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के सरपंच और सचिव ने शासन से मिली राशि को विभिन्न निर्माण कार्यों के नाम पर हड़प लिया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कलेक्टर डिंडोरी को ज्ञापन सौंपते हुए जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### काग़ज़ों में निकली राशि, हक़दारों को नहीं मिला लाभ

शिकायत में बताया गया कि अंत्येष्टि सहायता योजना, 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत राशि का दुरुपयोग किया गया। पंचायत रिकॉर्ड के अनुसार, पांच माह में 95,000 अंत्येष्टि सहायता के नाम पर निकाले गए, लेकिन यह राशि पात्र हितग्राहियों को नहीं मिली। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच और सचिव ने यह रकम आपस में बांट ली, जिससे गरीब वर्ग शासन की योजना से वंचित रह गया।सबसे गंभीर आरोप सीसी सड़क निर्माण कार्य को लेकर है। वर्ष 2024–25 में धोबी नाला से पंचायत भवन तक तीन सड़कों के निर्माण के लिए 5 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। आवेदन के अनुसार, मटेरियल सप्लायर को क्रमशः 1.92 लाख, 84 हजार, 54 हजार और 12 हजार का भुगतान दिखाया गया, लेकिन मौके पर सड़क निर्माण का कोई अता-पता नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरा भुगतान निकालकर राशि सरपंच–सचिव और ठेकेदार के बीच बांट ली गई।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पंचायत स्तर पर इस तरह के भ्रष्टाचार से विकास कार्य ठप पड़ गए हैं और शासन की योजनाएं कागज़ों तक सीमित रह गई हैं।

## भक्ति और आस्था का महासंगम आज शहपुरा में दो दिवसीय श्याम महोत्सव



**शहपुरा।** खाटू नरेश के भक्तों के लिए खुशखबरी है! शहपुरा नगर में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। खाटू श्याम समिति शहपुरा नगर के तत्वावधान में अमरकंटक रोड, पुरानी टॉकीज के पास दो दिवसीय विशाल श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।यह आयोजन 31 अक्टूबर और 1 नवंबर 2025 को होगा, जिसमें प्रदेश के नामचीन भजन गायक अपनी सुमधुर वाणी से बाबा श्याम के भजनों की गंगा बहाएँगे। आयोजन को लेकर नगर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। आयोजन स्थल को आकर्षक रोशनी, फूलों और झालरों से सजाया गया है। श्याम भक्तों की अटूट आस्था को समर्पित इस भव्य आयोजन का प्रमुख भाव है —"हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा।" आयोजक मंडल ने समस्त क्षेत्रवासियों, श्याम प्रेमियों और धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे सपरिवार इस दो दिवसीय भक्ति महोत्सव में पधारें, बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें और धर्म लाभ अर्जित करें।

## खबर संक्षेप

### आंवला नवमी पर महिलाओं ने किया पूजन अर्चन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गुरूवार को आंवला नवमी पर महिलाओं के द्वारा आंवले के वृक्ष के नीचे पहुंच कर पूजन अर्चन किया एवं वृक्ष की पूजन कर कुसुम बांधकर परिक्रमा लगाई गई। वृक्ष की छांव में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के प्रतिष्ठित सदर मढिया प्रांगण एवं राधा-कृष्ण मंदिर परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर जहां जहां आंवले के वृक्ष लगे हुए हैं। जहां पर नगर की विभिन्न महिलाओं ने विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन किया। इसके अलावा साहू समाज की महिलाओं द्वारा आज आंवला नवमी पर अवल के वृक्ष के नीचे बैठकर विष्णु भगवान का पूजन अर्चन किया इसमें समस्त महिला मंडल के द्वारा पूजन किया गया। एवं समस्त महिला मंडल द्वारा प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कल मनाया जाएगा मप्र स्थापना दिवस, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने गुरूवार को स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित होने वाले मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राधेश्याम वर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। नरसिंहपुर जिला मुख्यालय में एक नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम प्रात 10 बजे से स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को विभिन्न कार्य दायित्व सौंपने का आदेश जारी किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करने को कहा है।


## अधिकारियों की मनमर्जी जारी, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रही भारी

# स्वास्थ्य विभाग उड़ा रहा आयुक्त के आदेशों की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले मे लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं संचालित कर सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन नही किया जाता है जिसका प्रभाव यह होता है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पाती है। ऐसा ही मामला जिले मे भी सामने आया जहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक माह बीत जाने के बाद भी आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय में विकास खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ डॉ रिचा मिश्रा को पदस्थ है जबकि आयुक्त द्वारा पूरे प्रदेश मे प्रभारी अधिकारियों के संबंध मे आदेश जारी कर कहा गया है कि एम बी बी एस एवं पी जी डिप्लोमा व अन्य योग्यता रखते हो। ऐसे डॉक्टरों को प्रभारी अधिकारी बनाया जावे। जबकि डॉ रिचा मिश्रा एम बी बी एस नही उसके बाद भी आदेश जारी होने के बाद भी उन्हे प्रभार से नही हटाया गया है प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे आदेश के उल्लंघन से कई संदेह उत्पन्न हो रहे है। आदेश मे यह भी कहा गया है कि कार्रवाई कर कार्यालय आयुक्त को सूचित करें।




### यह था आयुक्त का आदेश

बीते 14 अगस्त को आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा द्वारा आदेश जारी किया गया जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1/2/3 जिला टीकाकरण अधिकारी, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी जिला मलेरिया अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी आदि का प्रभार प्राथमिकता पर ऐसे नियमित चिकित्सा अधिकारियों को सौंपा जावे जो एम. बी. बी. एस. के साथ एम. डी. पी. एस. एम. या पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट अस्पताल प्रबंधन में कोई अर्हताधारी हो एवं उनके द्वारा कम से कम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण की गई हो उन्हे वरीयता अनुसार प्राथमिकता दी जावें एवं इनके उपलब्ध नहीं होने पर अन्य नियमित एम. बी. बी. एस. चिकित्सा अधिकारी जिनकी न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण हो उन्हे वरीयता अनुसार प्रभार सौंपा जाये। पत्र मे यह भी निर्देशित किया गया है कि पात्रता के विरुद्ध प्रभार दिये हो तो तत्काल उक्त निर्देशों के अनुरूप प्रभार परिवर्तन करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं इस कार्यालय को अवगत करावें। भविष्य में इस संबंध में कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / सिविल सर्जन सर्जन सह सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की जवाबदेही तय की जावेगी।




### चिकित्सकीय कार्य निर्वहन करने के निर्देश

संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी ओदश क्र.01/ जी/ विज्ञप्त/सेल-05/2025/65/ भोपाल में निर्देशित किया गया है कार्यालय में जिला स्वास्थ्य अधिकारी 1/2/3, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से आपके अधीन मलेरिया अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम आदि के प्रभार में पदस्थ समस्त विशेषज्ञ / प्रभारी विशेषज्ञ / पी. जी. चिकित्सा अधिकारी को समस्त प्रभारी से मुक्त कर तत्काल चिकित्सकीय कार्य निर्वहन करने हेतु आदेशित किया गया था। विशेषज्ञों पी. जी. चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सकीय कार्य नहीं लेकर कार्यालयीन परन्तु संज्ञान में आया है कि प्रदेश में कई जिलों में विशेषज्ञों प्रभारी कार्य। प्रशासकीय पदों का कार्य लिया जा रहा है। जबकि यह स्पष्ट है कि प्रदेश में पूर्व से ही विशेषज्ञों की काफी कमी है।

### इनका कहना है

उक्त संबंध आयुक्त द्वारा आदेश जारी किया गया था आदेश का पालन ना होने संबंधी जानकारी आपके द्वारा दी गई है। उक्त संबंध मे कोई लिखित शिकायत प्राप्त नही हुई है। यदि आदेश पालन नही किया जा रहा है तो मैं उसकी जांच कराता है।

**डॉ. संजय मिश्रा संयुक्त संचालक**

# कलेक्टर ने की बाल विवाह रोकने की अपील

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले में देवउठनी ग्यारस के अवसर पर और देवउठनी ग्यारस के बाद जिले में अधिक से अधिक विवाह होने की संभावना रहती है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के समस्त विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाता जैसे धर्मगुरु- पंडित, मौलवी, कॉजी एवं अन्य, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटरर, घोड़ी वाले, शादी में किराए पर अपने वाहन लगाने वाले, बैंड- बाजा, मैरिज गार्डन, ब्यूटी पार्लर, सभी समाजों के मुखिया, वरिष्ठ नागरिक, समाज के गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार- नातेदार सभी से अनुरोध किया है कि बालक- बालिका आयु स्कूल की मार्कशीट अंकसूची व जन्म प्रमाण पर देखकर ही अपनी सेवाएं दे और विवाह में शामिल हों। बाल विवाह होने पर बालक- बालिका की शिक्षा पर अंकुश लग जाता है और बालिका के गर्भ धारण कर लेने से मृत्यु होने का खतरा भी रहता है। इसके अलावा जन्म लेने वाले बच्चें भी कुपोषित होने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की 18 वर्ष से कम आयु और बालक की 21 वर्ष से कम आयु पर विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानून अपराध है। ऐसा करने पर दोषियों पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के नियमानुसार सजा व अर्थदण्ड का प्रावधान है। बाल विवाह की सूचना मिलने पर ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव, प्राधानध्यापक, थाना प्रभारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शहरी क्षेत्र से बाल विवाह की सूचना मिलने पर सेक्टर पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास, प्राधानाध्यापक, थाना प्रभारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला स्तर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य, कलेक्टर कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 100 पर भी शिकायत कर सकते हैं।

### लीनेस क्लब संस्कार हुआ सम्मानित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सेवा सहयोग समर्पण की भावना से ओतप्रेत ऑल इंडिया लीनेस क्लब एरिया 10 कॉन्फ्रेंस दमोह में संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि ली. अंजू कटारे मुख्य अतिथि पूजा मलईया अतिथि दीपा घयी जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल की उपस्थिति रही। एरिया ऑफिसर रोजी बग्गा द्वारा सभी क्लब्स के कार्यों की गतिविधियों का अवलोकन किया गया। लीनेस क्लब नरसिंहपुर संस्कार की अध्यक्ष ज्योति तिवारी को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष चयनित कर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### गोपा अष्टमी पर गौ सेवक मिलन समिति ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस गोपाष्टमी पर गौ सेवक मोहित सराठे को स्वयं गौ सेवा करने पर मिलन समिति द्वारा सम्मानित किया गया आप विगत 5 वर्षो से गौ सेवा में सेवा भाव से लगे हुए हैं आपकी सेवा राय पर आवारा जो गौ माताएं घूमती हैं उन्हें किसी प्रकार से चोट लगती है या बीमारी से ग्रसित रहती हैं आप अपनी तरफ से उनका इलाज करते हैं लगभग दो से ढाई हजार के बीच में आप अभी तक गौ सेवा कर चुके हैं आपका मुख्य उद्देश्य समाज में गोधन को सुरक्षित रखने एवं गौ सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना मिलन समिति के द्वारा ऐसे लोगों का ही सम्मान किया जाता है जो समाज में बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा में समाज को समय देते हैं इस सम्मान में मोहित सराठे को मिलन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया ऐसा अवसर पर संरक्षक एस के चतुर्वेदी संजय राय गोपालपुरी गोस्वामी छोटू पटेल दीपक रावत आदि की सहभागिता रही।

### कलेक्टर ने लक्ष्मी काछी को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में किसानी बोस वार्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर की श्रीमती लक्ष्मी पति स्व. श्री नीलेश कुमार काछी को अनुकंपा नियुक्ति पत्र का आदेश सौंपा है। जारी आदेश के मुताबिक स्व. श्री नीलेश काछी की शासकीय सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी काछी को रिक्त चतुर्थ श्रेणी पानीवाला के पद पर आदिवासी पो.मै. बालक छात्रावास नरसिंहपुर में अनुकंपा नियुक्ति दी गई है।

### मौसम की बेरुखी किसान असमंजस में

तेंदूखेड़ा। इन दिनों मौसम के बिगड़े मिजाज के कारण किसान असमंजस में पड़ा हुआ है। वहीं रवि मौसम की बोनी भी काफी लेट होती चली जा रही है।अधिकांश किसान पलेवा करने को लेकर पानी दे ही रहा था कि अचानक मौसम परिवर्तित हो जाने के कारण पानी भी नहीं दे पा रहा है।तो कुछ किसानों का कहना है कि बोनी को लेकर खेत तैयार किए ही जा रहे थे कि अचानक पानी आ जाने से अब कचड़ा पैदा होने की स्थिति में वह बखरनी भी नहीं कर पा रहा है।ऐसी स्थिति में किसानी काफी प्रभावित हो रही है। और रवि मौसम की फसलें भी काफी विलंबित हो सकती है कि आशंका बनीं हुई है। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि इससे धान कटाई तो प्रभावित होगी हवायें चलने के कारण धान की फसल आड़ी होने से उपज आधी हो सकती है।कटाई में भी परेशानी होगी।कटे पड़े मक्का को इस मौसम से ज्यादा खराब होने की स्थिति बनी हुई है। सैकड़ों किसानों द्वारा उपज को सुखाने का काम चल ही रहा था कि वारिस से उपज की नमी मक्का को काला भी कर सकती है। वैसे भी रेट को लेकर किसान परेशान बना हुआ है। और अगर उपज पर कोई प्रभाव पड़ता है तो निश्चित ही लागत से भी कम दामों में बेचना उसकी मजबूरी बन सकती है।

## धूमधाम से मनाया गया अक्षय नवमीं का पर्व



तेंदूखेड़ा। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाए जाने वाला अक्षय नवमी का पर्व कल बड़े धूमधाम से मनाया गया। नगर में जहां-तहां आंवला के वृक्ष के नीचे व्रती नारियों की भीड़ भाड़ रही। यह पर्व धार्मिक आस्था के साथ-साथ वैज्ञानिकता और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन किया गया दान पुण्य पूजन अर्चन भक्ति सेवा सत्कर्म अक्षय फल को देने वाला होता है। कल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि से निर्वृत्त होकर व्रती नारियों ने आंवला के वृक्ष को साक्षात नारायण का स्वरूप मानकर पूजन किया। जिसका कभी क्षय न हो उसे अक्षय कहते हैं। इस दिन सोना चांदी रत्न आदि के साथ कूष्माण्ड दान भी किया जाता है। पुराणों के अनुसार आंवला के वृक्ष को भगवान विष्णु का स्वरूप माना जाता है। कल आंवला के वृक्ष की विधिवत पूजा कर भगवान की स्तुति और भक्ति भाव से भजन करती हुई महिलाओं ने आंवला की परिक्रमा लगाई । आंवला के वृक्ष की विशिष्टता के कारण इसका एक नाम आंवला नवमी भी है। यह पर्व महिलाओं के साथ-साथ पुरुष वर्ग को भी समान रूप से फलदायी है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा से पूजन करने वालों के जीवन में सौभाग्य समृद्धि और स्थाई सुख की प्राप्ति होती है।

### प्राइमरी स्कूलों में हुआ एफएलएन मेलों का आयोजन



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों की दक्षता प्रदर्शन और परीक्षण के लिए प्राइमरी स्कूलों में एफएलएन मेलों का आयोजन किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर जनपद शिक्षा केंद्र चांवरपाठा के अंतर्गत विभिन्न प्राइमरी स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। पालकों की उपस्थिति में बच्चों ने खेलकूद शैक्षणिक और मनोरंजक प्रस्तुतियां दीं। भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान एफएलएन के अंतर्गत पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हुआ था। इसके सकारात्मक परिणाम जानने के लिए सभी प्राइमरी स्कूलों में पालकों की उपस्थिति में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास भाषा गणित की पूर्व तैयारी के साथ बच्चों की दक्षता का प्रदर्शन और परीक्षण किया गया। चांवरपाठा विकासखंड स्रोत समन्वयक ने बताया कि एफएलएन मेला पालकों की उपस्थिति में बच्चों की दक्षता प्रदर्शन का प्रभावी कार्यक्रम है। बच्चों के उत्साहवर्धन के हमारे जनशिक्षक जगह-जगह कार्यक्रमों में शामिल हुए।

## लाठगांव के विद्यालय में पढ़ाई की जगह छात्रों से झाड़ू, शिक्षा मंत्री के गृह जिले में शिक्षा की दुर्दशा!



गोटेगांव। तहसील के अंतर्गत ग्राम पिपरिया लाठगांव के शासकीय माध्यमिक विद्यालय से शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां बच्चों को शिक्षा देने की बजाय शिक्षकों ने उन्हें झाड़ू थमा दी। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि छोटी-छोटी बच्चियां और नाबालिग छात्र झाड़ू लेकर स्कूल परिसर से लेकर गेट के बाहर तक सफाई करते नजर आ रहे हैं, जबकि शिक्षक तमाशबीन की तरह खड़े हैं।

एक तरफ प्रदेश सरकार बच्चों को स्कूल भेजने के लिए "स्कूल चलो अभियान" चला रही है, वहीं दूसरी तरफ शिक्षा मंत्री के गृह जिले नरसिंहपुर में ही इस तरह की तस्वीरें शिक्षा व्यवस्था की हकीकत बयां कर रही हैं।

ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है।

ग्रामीण राजेश चौधरी, कमलेश पटेल और गीता बाई मरकाम का कहना है कि — "हम अपने बच्चों को पढ़ने भेजते हैं, सफाई करवाने नहीं। अगर यही हाल रहा तो हम बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।"यह पूरा मामला शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा-निर्देशों का खुला उल्लंघन है। बच्चों से जबरन सफाई करवाना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि मानवीय दृष्टि से भी निंदनीय है।इस मामले में जब बीईओ सिद्धांत बागड़े से बात की गई, तो उन्होंने कहा "मामला मेरे संज्ञान में आते ही संबंधित शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गर्म तेल से जला युवक

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस युवक गरम तेल से जल गया। पुलिस ने बताया कि शिवा रैकवार पिता ओमप्रकाश रैकवार उम्र 30 वर्ष निवासी तिलक वार्ड गरम तेल से जल गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### वृद्ध को सर्प ने काटा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस घर पर काम कर रहे वृद्ध को सर्प ने काट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया लाल पिता रामचरण उम्र 60 वर्ष निवासी खमतरा थाना स्टेशनगंज को घर पर काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसका उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है।

# कलचुरी समाज का कार्यक्रम आज



गोटेगांव। नगर में श्री सहस्त्रबाहु जयंती के उपलक्ष्य में कलचुरी समाज मातृ शक्ति का अभूतपूर्व एवं अनूठा आयोजन, अखिल भारतीय कलचुरी महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह गोटेगांव के स्टेडियम आज आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में कलचुरी समाज के इष्ट देव भगवान श्री सहस्त्रबाहू जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक सुभाषचंद बोस स्टेडियम सभागार श्रीधाम गोटेगाँव जिला नरसिंहपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमे श्रीमती अर्चना जायसवाल राष्ट्रीय संयोजक कलचुरी एकता महासंघ एवं श्रीमती मालती राय महापौर नगर निगम भोपाल के मुख्यातिथ्य श्रीमती सुमनलता पटैल डायरेक्टर मणि नागेंद्रसिंह फाउंडेशन स्कूल गोटेगाँव की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है स्मरण हो कि मध्य प्रदेश के इतिहास में जिला नरसिंहपुर मे पहली बार कलचुरी समाज द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है उक्त आयोजन कलचुरी समाज को एक नई ऊंचाइयां एवं नित नई ऊर्जा का संचार करेगा जो की आगे कलचुरी समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगा।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र परसवार ने जीता गोल्ड मेडल

### गोटेगांव में ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ भव्य स्वागत

**गोटेगांव। नगर पुष्पेंद्र परसवार ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। गोटेगांव लौटने पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं मिस्टर फिजिकल अकैडमी के संचालक मुकेश बर्मन सहित प्रशिक्षुओं द्वारा पुष्पेंद्र का ढोल-नगाड़ों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया।**



पुष्पेंद्र ने बताया कि उन्होंने यहीं स्टेडियम में नियमित अभ्यास किया था, जिसके दम पर उन्हें यह सफलता मिली। अब वे आगामी राष्ट्रीय स्तर की दौड़ प्रतियोगिता, जो लखनऊ में आयोजित होगी, में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्वागत अवसर पर खिलाड़ियों ने पुष्पेंद्र को फूल-मालाओं से सम्मानित किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। पुष्पेंद्र ने सर्वप्रथम भगवान शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर सभी के साथ अपनी सफलता का आनंद साझा किया। अकादमी संचालक मुकेश बर्मन ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, "पुष्पेंद्र ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। सभी युवा खिलाड़ियों को भी इसी लगन और अनुशासन से अभ्यास कर क्षेत्र और राज्य का गौरव बढ़ाना चाहिए।"